卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 20 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦26 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## जमीनों के मामले में धामी सरकार कर रही महापाप: कांग्रेस

देहरादून (उद संवाददाता)। कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने प्रदेश में जमीनों को लेकर बड़ा खेल किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि त्रिवेंद्र सरकार ने जमीनों के मामले में पाप किया है तो धामी सरकार ने महापाप कर रही है। इस दौरान पूर्व विधायक केदारनाथ मनोज रावत ने कहा कि प्रदेश में भू कानून को लेकर बड़े पैमाने पर आंदोलन हो रहे हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री ने अगस्त्यमुनि में कार्यक्रम में घोषणा की है कि वह बहुत सख्त भू कानून लाने जा रहे हैं। इससे पहले भी सीएम ने 2022 में उच्च अधिकार समिति बनाई थी। उसने क्या किया हम नहीं जानते। उत्तराखंड में जो प्रचलित भू कानून है, उसकी दो धाराओं में बदलाव करके किसे फायदा पहुंचाया गया। कहा कि इन बदलाव के बाद उत्तराखंड की कितनी जमीन कितने लोगों को दी गई है, उसका खुलासा करेंगे। हरिद्वार और पौड़ी जिले का



हमने सर्वे किया है। जिसमें जमीनों का खेल सामने आया है। मसूरी के पास पार्क इस्टेट की 422 एकड़ जमीन थी। इसमें से पर्यटन विकास के लिए यूपी ने पूर्व में अधिग्रहित की थी। यूपी के जमाने में समाजवादी पार्टी की सरकार में इस जमीन को एक कम्पनी को देने पर विरोध हुआ था। सचिव पर्यटन कुर्वे ने 172 एकड़ पर्यटन की भूमि में से 142 एकड़ भूमि एक एडवेंचर स्पोर्ट्स कम्पनी को एक करोड़ सालाना किराये पर 15 साल के लिए दे दी है। उत्तराखंड सरकार ने खरबों की भूमि एक कंपनी को दी। 15 साल काम करने के बाद पर्यटन विभाग चाहेगा तो सबसे पहले इसी कंपनी को देगा। इससे पहले सरकार ने उस जमीन के रख रखाव के लिए एडीबी से 23 करोड़ का कर्ज लिया। मनोज रावत ने आरोप लगाया कि सरकार की नजर अब केदारनाथ विधानसभा की चोपता की जमीनों पर है। आरोप लगाया कि जिस कंपनी को काम दिया गया, उसकी शर्तें बदली गईं। इस वजह से राजस स्पोर्ट्स कम्पनी को ठेका दिया गया। टेंडर डालने वाली तीन कंपनियां हैं, जिनका ऑफिस एक ही जगह है। उत्तराखंड सरकार वित्त अनुभाग के शासनादेश का उल्लंघन किया गया है। कंपनी ने सबसे पहले इस जमीन के आसपास रहने वालों के सभी रास्ते बंद कर दिए। इस जमीन से नियमविरुद्ध हेलिकॉप्टर संचालन हो रहा है। सरकार पिछले साल केदारनाथ के लिए भी राजस एरो स्पोर्ट्स को काम देना चाहती थी, जो विरोध के बाद रुका था। कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि 2018 के बाद भू कानून में 11 परिवर्तन किए गए। त्रिवेंद्र (शेष पृष्ठ सता पर)




## भूखण्ड बेचने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी

### खालिस्तानी आतंकियों से मरवाने की धमकी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूखण्ड बेचने के नाम पर कुछ लोगों द्वारा साजिश रचकर करोड़ों रूपयों की धोखाधडी कर लेने का मामला सामने आया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में अभय कुमार गोयल पुत्र स्व. श्रीकृष्ण गोयल निवासी आवास विकास रूद्रपुर,ने कहा है कि वह निर्माण कार्य का ठेकेदार है तथा जमीनों को खरीदने, बेचने का भी काम पुत्र पारस गोयल के साथ करता है। दोनों ने पार्टनर राजीव सिंघल पुत्र स्व. कृष्णा कुमार सिंघल निवासी फ्रेण्ड्स कालौनी, सिविल लाइन रामपुर सिटी,से मिलकर 27 सितम्बर 2023 को गवाह के समक्ष एक एग्रीमेन्ट स्टाम्प बनाया। जिसके अनुसार प्रथम पक्ष तजिंदर सिंह बाजवा पुत्र स्व. कुलवीर सिंह बाजवा निवासी- ग्राम टैमरा फार्म, बिलासपुर द्वारा उक्त जमीन को विक्रय करने अधिकार प्राप्त हेतु दस्तावेज दिखाया उक्त जमीन ग्राम टैमरा, तहसील-बिलासपुर में है। उक्त जमीन के सौदे की बातचीत पवनिन्दर सिंह वासन पुत्र स्व. हरभजन सिंह निवासी माडल टाउन करनाल, हरियाणा के साथ 08.082023 को हुई। पवनिन्दर वासन ने कहा कि कुलदीप सिंह वासन उसके चाचा है परन्तु उनसे हमारा झगडा है, उनकी जमीन का पड़ोसी तजिंदर सिंह बाजवा बिकवा रहा है। जमीन को खरीदने में 25 प्रतिशत का पार्टनर बन जाता हूँ। वहीं पर गवाह के सामने 10 लाख रूपये कैश तजिंदर सिंह बाजवा एवं पवनिन्दर सिंह वासन को दिये। परन्तु विश्वास में आकर हमने कोई कागज नहीं बनाया 1 करोड़ 10 लाख रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से जमीन खरीदने की बात हुई, जिसमें पुनः 40 लाख रूपये नगद दिये गये 27.09.2023 को रूद्रपुर में एग्रीमेन्ट बनाया उसी दिन 1 लाख रूपये कैश तजिंदर सिंह बाजवा को दिये तथा 28.09.2023 को 49 लाख रूपये कैश देकर कुल एक करोड़ रूपये दे दिये। उसके बाद तजिंदर सिंह बाजवा के कहने पर 2 करोड़ 63 लाख रूपये कैश पवनिन्दर सिंह वासन को दिये। उसके बाद बचे 37 लाख रूपये पुनः बिट्टू छाबड़ा ने 15.01.2024 को पवनिन्दर सिंह को दिये। दिनांक 28.02.2024 को तजिंदर सिंह बाजवा सें बातचीत की कहा बाकी पैसे करीब 2 करोड़, 7 लाख रूपये करनाल पहुँचाओ। (शेष पृष्ठ सता पर)

## होटल लीज में जमा पचास लाख की रकम हड़पी

सितारगंज (उद संवाददाता)। मंसूरी में होटल किराए पर देने के बाद निर्देशक और उसके साथियों ने मिलकर महिला से पट्टा सुरक्षा राशि के 50 लाख रुपए हड़प लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। नगर के वार्ड नंबर 10 खटीमा रोड कृष्ण कुंज निवासी शिल्पी अग्रवाल पत्नी मुकुल गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उनके पति मुकुल गुप्ता मैसर्स एनसीआर फूड एंड हॉस्पिलिटी प्राइवेट लिमिटेड इंदिरापुरम गाजियाबाद के निर्देशक थे। उन्होंने मैसेज सन एंड स्नो रिजॉर्ट लिमिटेड द्वितीयताल नोएडा से मंसूरी में होटल क्लार्क इंटरनेशनल 11 वर्ष के लिए पट्टे पर लिया था। जिसका पंजीयन दस्तावेज देहरादून में तैयार हुए थे। महिला ने आरोप लगाया होटल किराए पर लेने के दौरान काफी जीर्ण शीर्ण था। जिसमें उन्होंने मोटी रकम लगाकर नवीनीकरण कराया था। 13 जून 2021 को उनके पति की कोरोना से मृत्यु हो गई। तब मैसर्स सन एंड स्नो रिजॉर्ट लिमिटेड के निर्देशक अतुल भसीन उनके प्रतिनिधि पीएस उससे मिले। पति (शेष पृष्ठ सता पर)

## कार्रवाई की मांग को लेकर चौकी के आगे किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हमलाकर धमकाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर आज कुछ लोगों ने बाजार चौकी के समक्ष प्रदर्शन कर तहरीर सौंपी। जिसमे नरेन्द्र कुमार पुत्र बाबू राम निवासी मुडिया हुलास, पीलीभीत हाल निवासी आरआर क्वाटर ने कहा है कि वह पिछले करीब 12 वर्षों से मुख्य



बाजार में दुकान पर काम करता आ रहा है। करीब 6 माह पूर्व दुकान मालिक दुकान बन्द करना चाहते थे। क्योंकि वह 12 वर्षो से काम कर रहा था, इसी कारण उन्होंने उसे अपनी दुकान किराये पर लेने और अपना काम शुरू करने को दी। दुकान में जो भी सामान था, वह उन्होंने बिक्री करने के लिए दे दिया। जिस दिन से उसने दुकान किराये पर ली उसी दिन से मुख्य बाजार में स्थित एक दुकान के मालिक द्वारा दुकान बन्द करके उनकी दुकान पर काम करना शुरू करने को कहा। 22 अक्तूबर को सॉयकाल उस व्यक्ति ने अपनी दुकान पर बुलवाया और मारा पीटा। इन लोगों कहने पर उसे अपनी पत्नी को भी दुकान पर बुलाना पड़ा। जब मेरी पत्नी दुकान पर आई, तो ये लोग धमकी देने लगें कि अगर बात नहीं मानी, तो तेरी पत्नी को मारेगें। नरेन्द्र का आरोप है इनकी बात नहीं मानी तो (शेष पृष्ठ सता पर)

## खराब बीज देने पर कलेक्ट्रेट में गरजे किसान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गदरपुर क्षेत्र के किसानों की उड़द की फसल खराब होने पर आज तमाम किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले बीज की गुणवत्ता पर आरोप लगाते हुए कलैक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर आरोपी बीज विक्रेताओं के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग कर ज्ञापन सौंपा। रोषित किसानों का कहना था कि ग्राम सकैनिया, मझरा झुन्नी, कनकटा, गोविन्दपुरा, गज्जूपुर, माचियागढ़ व कुईखेड़ा के किसानों की सैकड़ों एकड़ उड़द की फसल बर्बाद हो गई है। जिस की शिकायत करने पर मुकदमा दर्ज करने के मौखिक आदेश दिये गये थे। परंतु कृषि विभाग द्वारा ऐसा



नहीं किया गया। किसानों का आरोप है कि नकली बीज को प्रमाणित करने वाले प्रमाणीकरण संस्था के दोषी अधिकारियों की मिलीभगत से जनपद में नकली बीज एवं दवाईयां का धंधा चल रहा है। यदि दोषी बीज विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आन्दोलन तेज कर दिया जायेगा। इस दौरान (शेष पृष्ठ सता पर)

## घर से लाखों के जेवरात चोरी

रूद्रपुर। ट्रांजिट कैम्प का गंगापुर रोड़ क्षेत्र अपराधियों का अड्डा बनता जा रहा है। यहां आये दिन चोरी व छीनाझपटी की घटनायें घटित हो रही है। अब विगत दिनों अज्ञात चोरों ने गृहस्वामी की गैर मौजूदगी में घर से लाखों रूपये कीमत के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर लिए। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में पिन्टू जोयल पुत्र इलियास मसीह मूल निवासी पोलीगंज मझौला खटीमा हाल निवासी गणेश गार्डन, फुलसुंगा का कहना है कि 24 अक्टूबर को सायंकाल वह ड्यूटी से घर आया तो देखा कि घर के अन्दर का सामान बिखरा पड़ा था। जहां से घर का सामान, सोने का गले का हार, कान के झुमके तथा बच्ची की कान की बाली व नाख की फुल्ली अलमारी से गायब मिले। जिसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिये गये हैं। उसने बताया कि चोर घर में ताला तोड़कर घुसे हैं।

## एनएसयूआई ने सरकार और उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में छात्र संघ चुनाव पर लगाई गयी रोक के लिए सरकार को जिम्मेवार ठहराते हुए छात्रों का विरोध प्रदर्शन जारी है। शनिवार को रामनगर महाविद्यालय के मुख्य गेट के बाहर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया।



छात्र संघ अध्यक्ष ललित कड़ाकोटी ने आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तराखंड में छात्र संघ चुनाव न कराना सरकार की विफलता को उजागर करता है उन्होंने कहा कि पहले सरकार द्वारा 25 अक्टूबर तक प्रदेश में छात्र संघ चुनाव कराए जाने की बात कही गई थी लेकिन अब सरकार किए गए वादे से पीछे हट रही है। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव के माध्यम से हर वर्ष छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की (शेष पृष्ठ सात पर)

# तो मनोज रावत और एश्वर्या रावत के बीच होगा कड़ा मुकाबला!

## कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत के नाम पर सहमति बनने और बीजेपी नेत्री ऐश्वर्या रावत के नामांकन पत्र खरीदने से चर्चाओं के बाजार गर्म





देहरादून(उद संवाददाता)। केदारनाथ विधान सभा उपचुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस के प्रतयाशियों की सूची का इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर मनोज रावत का नाम लगभग तय बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पार्टी जल्द इसका ऐलान भी कर सकती है। वहीं केदारनाथ उपचुनाव के लिए सिर्फ कांग्रेस ही नहीं बीजेपी भी ने भी अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। दोनों ही वेट एंड वॉच की राजनीति कर रहे हैं। हालांकि बीजेपी ने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है लेकिन इसी बीच बीजेपी नेत्री ऐश्वर्या रावत के नामांकन पत्र खरीदने के बाद से चर्चाओं के बाजार गर्म हैं। केदारनाथ उपचुनाव के लिए कांग्रेस से प्रत्याशी के तौर पर मनोज रावत का नाम लगभग तय माना जा रहा है। सूत्रों की मानें तो पर्यवेक्षकों के रिपोर्ट के आधार पर मनोज रावत के नाम पर सहमति बनी है। इसके साथ ही उनके नाम पर प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने भी मुहर लगाई है। माना जा रहा है कि मनोज रावत के नाम का औपचारिक ऐलान बाकी है। उनके नाम के पक्ष में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष प्रीतम सिंह और गणेश गोदियाल भी हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस आने वाले एक दो दिन में प्रत्याशी के नाम का ऐलान कर देगी। प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पैनल के लिए प्रत्याशियों के नाम तय हो गए थे। शनिवार को दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक पर पैनल पर चर्चा करने के बाद हाईकमान फैसला लेगा। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस से 13 लोगों ने टिकट के लिए दावेदारी की है। पैनल में मनोज रावत, कुंवर सजवाण व लक्ष्मण रावत के नाम भेजे गए हैं। हालांकि दिल्ली में हुई बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मनोज रावत को टिकट देने की वकालत की। बैठक में पैनल के लिए नाम तय हो गए थे। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पैनल स्क्रीनिंग कमेटी को भेज दिया है। शनिवार को दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होने की संभावना है। 27 अक्तूबर तक कांग्रेस प्रत्याशी को एलान कर सकती है। कांग्रेस में आपसी तालमेल बनाने के लिए गठित प्रदेश समन्वय कमेटी की बैठक शनिवार को कांग्रेस कार्यालय में होगी, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व सीएम हरीश रावत, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

# कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने की सीएम योगी से मुलाकात

लखनऊ/देहरादून(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच बंद नहरों को खोलने को लेकर चर्चा हुई। इसके साथ ही मंत्री सतपाल महाराज ने सीएम योगी से इकबालपुर नहर को 665 क्यूसेक पानी दिए जाने का आग्रह किया। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व और संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। सीएम योगी से मुलाकात कर उन्होंने हरिद्वार स्थित इकबालपुर नहर को 665 क्यूसेक पानी दिए जाने का आग्रह करते हुए उत्तराखण्ड स्थित उत्तर प्रदेश की सिंचाई नहरों की शीघ्र साफ सफाई किए जाने का भी अनुरोध किया है। सतपाल महाराज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दोनों प्रदेशों की कुछ बंद पड़ी सिंचाई नहरों को खोले जाने की भी चर्चा की,। जिससे दोनों प्रदेशों के किसानों की सिंचाई समस्याओं का समाधान हो सके। कैबिनेट मंत्री महाराज ने जमरानी बांध निर्माण में उत्तर प्रदेश के सहयोग के लिए भी यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आभार जताया।



# खेल मंत्री ने निर्माणाधीन वेलोड्रम, बहुउद्देशीय हॉल का किया निरीक्षण





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय खेलों के मद्देनजर खेल, युवा कल्याण, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने रूद्रपुर खेल स्टेडियम में निर्माणाधीन वेलोड्रम, बहुउद्देश्यीय हॉल का स्थलीय निरीक्षण किया। 22.5 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय स्तर का वेलोड्रम 333 मीटर परिधि का है साथ ही वेलोड्रम पवेलियन निर्माण किया गया जिसकी 700 बैठक क्षमता है। वेलोड्रम निरीक्षण दौरान निर्माण इकाई पेयजल निर्माण निगम(खेल) सहायक अभियंता ने बताया कि वेलोड्रम का कार्य आगामी 10 नवंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा व टेस्टिंग चालू हो जाएगी। निरीक्षण दौरान मंत्री रेखा आर्या ने कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश के साथ ही वेलोड्रम पवेलियन में ऊपर शैड निर्माण के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी प्रोजेक्ट के अलावा अतिरिक्त कार्यों की आवश्यकता है उन्हें तकनीकी विशेषज्ञों की राय लेकर आंगणन बनाकर भेजें। इसके उपरांत खेल मंत्री ने स्टेडियम में 40 करोड़ की लागत से निर्मित बहुउद्देश्यीय हॉल का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान सहायक अभियंता ने बताया कि बहुउद्देश्यीय हॉल निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, हॉल में 1200 लोगों के बैठने हेतु पवेलियन बनाया गया है। निरीक्षण दौरान खेल मंत्री ने बहुउद्देश्यीय हॉल में वी.आई.पी. के बैठने के लिए वी.आई.पी. बॉक्स बनाने तथा एसी लगाने व पर्याप्त रोशनी व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश में 38 वें राष्ट्रीय खेल आयोजित होने हैं, उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में राष्ट्रीय खेल आयोजन का अवसर मिला है, हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हम राष्ट्रीय मानकों के अनुसार सभी 34 खेल राज्य में ही करा रहे हैं, जिसमें से 4 से 5 खेलों का आयोजन रूद्रपुर में होगा। उन्होंने कहा राष्ट्रीय खेल आयोजन हेतु सभी तैयारियां की जा रही हैं खेलों के आयोजन हेतु धनराशि की कोई कमी नहीं है, खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, ओलंपिक संघ महा सचिव डी.के.सिंह, सहायक अभियंता पेयजल निर्माण निगम(खेल) एस.एस. भंडारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी बी.एस.रावत, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, कार्यदायी संस्था प्रबंधक अरूण चौधरी आदि उपस्थित थे।

# सीएम ने दिये सुरक्षा, स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश

देहरादून/रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश में 25 अक्टूबर से 15 नवंबर तक स्वच्छ दीपावली-शुभ दीपावली, राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष के शुभ अवसर पर स्वच्छता सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से बैठक लेते हुए 25 अक्टूबर से 15 नवंबर तक पूरे प्रदेश में सुरक्षा, स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आरआरआर केन्द्र की स्थापना करते हुए 'स्वभाव स्वच्छता: संस्कार स्वच्छता' के सिद्धांत के तहत नागरिक पुराने कपड़े, जूते, खिलौने, किताबें, अप्रयुक्त प्लास्टिक संग्रह कर सकें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में सभी की भागीदारी अनिवार्य रूप से कराई जाए। उन्होंने कहा लोकल फॉर वोकल स्वच्छ स्ट्रीट फूड, अपशिष्ट से कला, दीप प्रज्जवलन करना व एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्त जागरूकता समारोह आयोजित किए जाएं। उन्होंने नगर निकायों में सफाई अभियान के साथ ही सार्वजनिक स्थलों, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन में सफाई, अनाधिकृत होर्डिंग्स हटाने, मार्गों में प्रकाश व्यवस्था ठीक करने, सार्वजनिक स्थानों, बाजारों जहां दिन में भीड़ अधिक होती है, उन स्थानों पर रात्रि के समय सफाई कराने तथा पर्यावरण मित्रों को मास्क, ग्लब्स व बूट इत्यादि वितरित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली त्योहार सीजन चल रहा है, आतिशबाजी की दुकानें निर्धारित स्थानों पर लगाई जाएं, सुरक्षा व्यवस्था व फायर वाहन की व्यवस्था पुख्ता रखी जाएं, चिकित्सालयों में भी सभी व्यवस्थाएं चुस्त रखें, बर्निंग युनिट सक्रिय रखें, फायर वाहनों को मुख्य बाजारों व पटाखा बिक्री स्थानों में तैनात रखें, यातायात व पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि त्योहार में मिलावट को रोकने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग व प्रशासन चौकिंग अभियान चलाएं व खाद्य पैकेटों के नियमित सैम्पल लिए जाएं।जिलाधिकारी उदयराज सिंह नें बताया कि जनपद में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाए जाने हेतु निर्देशित कर दिया गया है, पटाखें की दुकानें निर्धारित स्थानों पर लगाई जा रही हैं। सार्वजनिक स्थानों बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन व धार्मिक स्थलों पर सफाई अभियान चलाए जाएंगें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्र ने बताया कि सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए हैं, यातायात व्यवस्था सुचारू रखने हेतु बाजारों में वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया है व पार्किंग की व्यवस्था भी की जा रही है। फायर वाहनों को चुस्त-दुरूस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं, महिला सुरक्षा व्यवस्था की गई है, रात्रि में भी गश्त लगाई गयी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी मनोज कत्याल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, प्रभारी अधिकारी कले0 डॉ. अमृता शर्मा आदि मौजूद थे।



# छात्र संघ चुनाव कराने के लिए काटा हंगामा

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। सरकार के छात्रसंघ चुनाव कराने को लेकर असमर्थता जताने के बाद से छात्र संगठनों में भारी रोष है। शुक्रवार को छात्र संगठनों ने सिसोना महाविद्यालय की छत पर चढ़कर सरकार पर चुनाव न कराने की मंशा का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। छात्र नेताओं ने महाविद्यालय के छात्रों ने कहा कि सरकार छात्रसंघ चुनाव को लेकर गंभीर नहीं है। अगर गंभीर होती तो अब तक चुनाव हो चुके होते। आरोप लगाया कि सरकार छात्र संघ चुनाव नहीं कराना चाहती है। छात्र नेताओं ने कहा कि विवि को 30 सितंबर तक छात्रसंघ चुनाव करा लेने थे लेकिन विवि ने शासनादेश का अनुपालन नहीं किया। जिससे छात्रसंघ चुनाव कराने की समय सीमा समाप्त हो गई। इस कारण उच्च न्यायालय ने दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया। वहीं, छात्र संगठनों ने चुनाव कार्यक्रम घोषित न किए जाने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। धरना प्रदर्शन करने वालो मे रोहित कुमार,स्वेता,अनु कुमारी,मनदीप सिंह,अर्जुन विश्वास,गुरदेव सिंह,विशाल कुमार,ऋषभ कुमार,ज्योतिष मण्डल, कुमकुम,प्रियंका मजूमदार,पल्लवी हालदार,अमित मण्डल,विशाल मण्डल, मनप्रीत कौर, मंजीत सिंह,हीरा गौत्तम, निशा दास आदि छात्र छात्राएं मौजूद थे।



# बेहड़ ने 20 लाख के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने ग्रामीण जनसंवाद के तीसरे दिन बखपुर, धाधा फार्म, शंकर फार्म, भंगा, सुतईया, पुलभट्टा में जनसंवाद किया व लोगों की समयायें सुनी व निराकरण हेतु आवशयक कार्यवाही करते हुए ग्रामीणों से उनके गाँव समबन्धित विकास कार्यों के सुझाव मांगे। साथ ही 20 लाख से निर्मित 4 विकास कार्यों का उद्घाटन फीता काटकर किया। इनमें भंगा में विधायक निधि से 5 लाख की लागत से निर्मित बारात घर तथा सुतईया में कृपाल आश्रम में विधायक निधि से 5 लाख से निर्मित करायी गयी टीन शेड व सीमेंट चादरों का कार्य तथा जिला योजना से पुलभट्टा सुतइया में 10.25 लाख की लागत से तैयार कराई गयी दो सड़कें शामिल हैं। ग्रामवासियों ने विधायक बेहड़ का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया । इस दौरान विधायक बेहड ने ग्रामवासियों को सम्भोधित करते हुए कहा कि उनके द्वारा विधानसभा के प्रत्येक कोने पर विकास कराये गये है पूरी विधानसभा में विकास की गंगा बह रही है जो विकास कार्य अछूते रह गए है उनका पूर्ण प्रयास रहता है की वे शीघ्र से शीघ्र पूरे कराएं जा सके द्य विधायक बेहड़ ने ग्रामीणों को स्मार्ट मीटर व उससे होने वाले आर्थिक नुकसानों से अवगत कराया व सरकार के इस फैसले का डटकर विरोध जताने हेतु जागरूक किया साथ ही ग्राम पुलभट्टा तथा सुतईया में पुलभट्टा सुतईया मार्ग जिसकी कुल लम्बाई लगभग पौने दो किलोमीटर है के निर्माण की शासन से स्वीकृति प्राप्त हो गयी है तथा राज्य योजना के अंतर्गत शीघ्र ही इस सड़क का कार्य आरम्भ कराया जाएगा । इस दौरान गुलशन सिन्धी, रविन्द्र कुमार प्रधान, त्रिमल गंगवार, विपिन शर्मा, विशम्भर गंगवार, प्रसादी लाल, भगवत शरण, मान सिंह, प्रदीप, भीमलाल, राजेन्द्र, इमरान अहमद, जाहिद खान, हरप्रीत सिंह हेपी, गुलाम मुस्तफा, बाधुराम, सुरध, देवकीनंदन, राजू, मेजर, दीपा, सुनीता, राजबाला समेत सैकड़ो की तादात में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# रावण वध के साथ रामलीला का समापन

गूलरभोज(उद संवाददाता)। रामलीला कमेटी कैनाल कॉलोनी नंबर 2 अयोध्या के कलाकारों द्वारा आयोजित रामलीला का रावण वध के साथ्न समापन हुआ। समापन के दिन राम के द्वारा रावण का वध किया गया इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक अरविंद पांडे, योगेश पानू, संजीव भटेजा, तरुण दुबे, सतीश चुघ, डॉ कुलदीप रघुवंशी, सुनील शर्मा, अमित कुमार गुप्ता, राजीव पपनेजा, गौतम पपनेजा,आनंद सिंह, प्रताप सिंह कोचारी,कमल भट्ट, धर्म सिंह मेहता आदि मौजूद थे।



# ग्राहकों को लुभा रहे जैलिओ के इलैक्ट्रिक स्कूटर

## मजबूती के साथ स्टाईलिश लुक के दिवाने हुए लोग



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय इलेक्ट्रिक टूव्हीलर कंपनी जैलिओ ईबाइक्स का रूद्रपुर में नया शोरूम खुल गया है। फुलसुंगा में तीन पानी डाम के पास सिडकुल रोड पर खुले शोरूम शक्ति इंटरप्राईजेज में जैलियो के टूव्हीलर को ग्राहक खूब पसंद कर रहे हैं। शोरूम के स्वामी गणेश प्रसाद ने बताया कि वह खुद भी इंजीनियर रहे हैं, उन्होंने जैलियो के वाहनों को अच्छी तरह परखा है। जैलियो के इलैक्ट्रिक वाहनों में अन्य कंपनियों के मुकाबले कई खूबियां हैं,जो ग्राहकों को लुभा रही है। उन्होंने बताया कि जैलियो के वाहनों की खास बात यह है कि यह पूरी तरह भारतीय उत्पाद है। हिसार में कंपनी का कारखाना है। मजबूती के साथ साथ इसे भारतीय सड़कों के अनुसार डिजाईन किया गया है। इसमें ग्रेफाईंड टैक्नोलॉजी की बैट्री का उपयोग किया जाता है कि जो कि लीथियम का एक विकल्प है। लीथियम की बैट्री में आग लगने की संभावना रहती है जबकि ग्रेफाईंड की बैट्री पूरी तरह सुरक्षित है। एक बार चार्ज करने के बाद यह स्कूटी 60 से 90 किमी तक चल सकती है। कंपनी ने फिल्हाल 8 मॉडल उतारे हैं जिसमें एक्समैन मॉडल को सर्वाधिक पसंद किया जा रहा है। ऑटो पार्किंग मोड भी इसकी एक विशेषता है। जैलियो की टू व्हीलर वर्तमान में 54 हजार से 90 हजार तक की रेंज में उपलब्ध है। जैलियो की ईवा सीरीज के तहत कंपनी ने ईवा, ईवा इको और ईवा जेडएक्स + नाम से तीन अलग-अलग मॉडल पेश पेश किए हैं। ग्रेसी सीरीज और एक्स मेन लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर जैसे पिछले मॉडलों की कामयाबी के बाद कंपनी ने इलेक्ट्रिक स्कूटर में कई नये फीचर दिये हैं। स्टूडेंट्स, प्रोफेशनल्स और मजदूरों समेत शहर के बीच सफर करने वाले लोगों के लिए खास तौर पर ईवा सीरीज पेश की गई है। 80 किलोग्राम वजन वाला ईवा मॉडल 180 किलोग्राम तक वजन ढो सकता है। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की मजबूत बीएलडीसी मोटर (60/72वोल्ट) इसे सिटी ड्राइव का एक अच्छा ऑप्शन बनाती है। ब्रेकिंग के लिए स्कूटर के आगे और पीछे, दोनों तरफ ड्रम ब्रेक दिये गये है, उबड़-खाबड़ रास्ते आराम से पार करने के लिए हाइड्रोलिक शॉक एब्जॉर्बर दिए गए हैं। ईवा मॉडल्स में फीचर्स के तौर पर चोरी रोकने के लिए अलार्म, रिवर्स गियर, पार्किंग स्विच, ऑटो रिपेयर स्विच, यूएसबी चार्जर और डिजिटल डिस्प्ले जैसे एडवांस फीचर्स हैं। ईवा की तरह ईवा इको भी स्टाइलिश डिजाइन और शानदार परफॉर्मेंस के साथ आती है।

# राईस मिल एसोसिएशन के श्याम अग्रवाल बने अध्यक्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्थानीय होटल में राइस मिल एसोसिएशन की आयोजित बैठक श्याम अग्रवाल को पुन: एसासिएशन का अध्यक्ष ,अमित जिंदल महामंत्री एवं सचिन अग्रवाल कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए ।चुनाव की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी कैलाश अग्रवाल की देखेख में सम्पन्न कराई गयी। इससे पूर्व कार्यकारणी द्वारा पिछले वर्ष का लेखा प्रस्तुत किया गया। सदस्यों द्वारा पुन: चुनी गई कार्यकारणी के कार्यों की सराहना की गई। अध्यक्ष श्याम ने कहा कि राइस मिलर्स की समस्याओं को मुख्यमंत्री को अवगत कराया जायेगा एवं आगामी वर्ष के लिए उद्योग नीति स्थापित की जाएगी एवम् राइस मिलर के पुराने



बकाया भुगतान को शीघ्र अति शीघ्र दिलवाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष देवीशंकर अग्रवाल, पवन अग्रवाल, राजेश जिंदल,अजय बंसल, संजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल, श्याम सुंदर घाई, अमित घई, सुमित शायमपुरिया, निरंजन अग्रवाल, राधे अग्रवाल, गगन गर्ग, दिनेश गुप्ता, राधेश्याम अग्रवाल, मनदीप गुगलानी, प्रवेश अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, जितेंदर अग्रवाल, अक्षत जैन, हिमांशु जैन, राजेंद्र गुप्ता, राजकुमार बिन्दल एवं सभी सदस्य उपस्थित थे।

# खेल मंत्री ने बहुद्देशीय क्रीड़ा हॉल का किया लोकार्पण

गदरपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने खेमपुर, गदरपुर में युवा कल्याण




विभाग द्वारा 428.76 लाख की लागत से निर्मित बहुद्देशीय क्रीड़ा हॉल का विधिवत पूजा अर्चना एवं फीता काटकर लोकार्पण किया। खेल मंत्री ने कार्यक्रम में आये मुख्यमंत्री उदीयमान उन्नयन खिलाड़ी योजना एवं मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना का लाभ ले रहे खिलाड़ियों से वार्ता की, खिलाड़ियों ने योजना से होने वाले लाभ के विषय में अपने अनुभव साझा किये। खेल मंत्री ने कहा कि अब जमाना बदल चुका है, पढ़ाई के साथ-साथ खेल का हुनर व जुनून है तो भी बच्चों आगे बढ़ो और एक ब्राण्ड बनो जिससे स्वत: आपका सम्मान व आपकी पद प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उन्होने कहा कि जो खेल के क्षेत्र में प्रदर्शन कर राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर में नाम रोशन करेंगें ऐसे खिलाड़ियों को हमारी सरकार, सरकारी नौकरी देगी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार में खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर है। उन्होने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अच्छे प्रदर्शन कर अच्छा कोच बने सकेंगे। खेल के साथ अब खिलाड़ियों के लिए अपना बेहतर करियर बनाने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त हो सकेगा। मा0 मंत्री ने बहुद्देशीय क्रीड़ा हॉल के लोकार्पण के अवसर पर बधाई व बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाऐं दी। कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा विवेक सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष भाजपा राकेश सिंह, उपनिदेशक क्रीड़ा रशिका सिद्दकी, क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, डीओपी आरडी बीएस रावत, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, सहायक अभियंता पेयजल निर्माण निगम खेल एसएस भण्डारी, कोच नीरज शाही आदि उपस्थित थे।

# आयुक्त के हिल डिपो निरीक्षण में मिली कई खामियां

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सचिव सीएम व कमिश्नर दीपक रावत ने शुक्रवार को काठगोदाम स्थित हिल डिपो का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका, स्टॉक रजिस्टर, बसों की आवाजाही का रिकॉर्ड चेक किया। कमिश्नर ने मौके पर ही बसों की मरम्मत करने वाले श्रमिकों की गिनती कराई तो कई गायब मिले। इस पर कमिश्नर रावत ने रोडवेज की आरएम पूजा जोशी को सख्त लहजे में तत्काल बायो मैट्रिक हाजिरी शुरू कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर रावत ने सर्वप्रथम उपस्थिति पंजिका देखी। इसके बाद बसों की आवाजाही का रिकॉर्ड चेक किया। इसके बाद वह स्टॉक रूम पहुंचें, जहां उन्होंने रैंडमली स्टॉक रजिस्टर से माल की जांच की। स्टॉक के अलग-अलग रजिस्टर होने पर उन्होंने ऑनलाइन सिस्टम चालू करने को कहा। इसके बाद उन्होंने बसों की मरम्मत के लिए मौजूद श्रमिकों के बारे में जानकारी ली। इस पर आरएम पूजा जोशी ने बताया कि बसों की मरम्मत के लिए मुख्यालय स्तर पर 44 कुशल व अर्द्धकुशल श्रमिक नियुक्त किए गए हैं। जिनसे अलग-अलग शिफ्टों में काम लिया जाता है। कमिश्नर रावत ने मौके पर



मौजूद श्रमिकों की हाजिरी चेक की तो कई कर्मी गायब मिले। इस पर कमिश्नर ने आरएम पूजा जोशी को बायो मैट्रिक हाजिरी को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हिल डिपो में नेटवर्क की समस्या भी नहीं है। इसलिए तत्काल लागू किया जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्था व रोडवेज अधिकारियों को दिसंबर 2025 तक काम पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दो फरवरी को हिल डिपो का शिलान्यास किया था। इस प्रोजेक्ट के तहत 67 करोड़ की लागत से 72 बसों व 200 वाहनों की पार्किंग, लॉन्ग टर्म व शॉर्ट टर्म कार्यशाला, दो मंजिला भव्य ऑफिस प्रस्तावित है। निरीक्षण में एसई मृदुला, एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार मौजूद थे।

# सीएम ने सोशल मीडिया संयोजक किशन गुप्ता को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। विगत लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड द्वारा चलाए गए 21 दिन के सोशल मीडिया कैंपेन में गदरपुर के सोशल मीडिया संयोजक किशन गुप्ता ने पूरे उत्तराखंड में आठवां स्थान प्राप्त किया है। इस केम्पेन में पूरे उत्तराखंड से करीब 1500 लोगों ने प्रतिभाग किया था जिसमें से 100 लोगों को चयनित किया गया, वही 100 लोगों में से भी टॉप 10 के 10 लोगों को अलग से चयनित किया गया था। चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा देहरादून स्थित सीएम कैंप कार्यालय में एक सोशल मीडिया सक्रियता सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी चयनित 100 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिसमे टॉप 10 की सूची में पूरे उत्तराखंड में आठवें स्थान एवं काशीपुर एवं ऊधम सिंह नगर जिले में प्रथम स्थान पर रहे गदरपुर के सोशल मीडिया संयोजक किशन गुप्ता को




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गदरपुर पहुंचने पर गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, महामंत्री अभिषेक वर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बधाई दी। इस दौरान संगठन महामंत्री अजय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, रुद्रप्रयाग विधायक भारत सिंह चौधरी, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक नवीन ठाकुर सहित तमाम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हैण्डबॉल प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनता इण्टर कॉलेज के दो छात्रों ने राज्य स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना स्थान छत्तीसगढ़ में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता हेतु सुनिश्चित किया है। चयनित दोनों छात्रों को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य डा. सतीश अरोरा ने बताया कि राज्य स्तरीय विद्यालयी हैण्ड बॉल प्रतियोगिता का आयोजन देहरादून में सम्पन्न हुआ। जनता इण्टर कालेज के छात्रों ने जिला उधम सिंह नगर का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस आधार पर सब जूनियर वर्ग में दो छात्रों अरूण कक्षा 7 और सुमित राज कक्षा 9 का चयन राष्ट्रीय स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया। जिससे विद्यालय में हर्ष की लहर दौड़ गयी। आज विद्यालय आने पर प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों द्वारा छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ० सतीश कुमार अरोरा ने छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। और विद्यालय के खेल प्रशिक्षक दीप कुमार पन्त को भी बधाई प्रेषित की। प्रधानाचार्य



ने बताया कि पठन-पाठन के साथ-साथ छात्र- छात्राओं को विभिन्न खेल और अन्य गतिविधियों में भी प्रतिभाग करना चाहिए। जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास होता है और वे मानसिक व शारीरिक रूप से भविष्य के लिए तैयार होते है। विद्यालय प्रबन्ध समिति ने भी इस उपलब्धि के लिए छात्रों व उनके खेल प्रशिक्षक को बधाई प्रेषित की है। इस अवसर पर संजय आर्य, भुवन चन्द डूंगराकोटी, महेन्द्र कुमार, अर्जुन सिंह, पंकज कुमार, अमित कपूर, रंजीत राज, सुनील कुमार, संजीत चक्रवर्ती आदि उपस्थित रहे।

# सीलिंग की भूमि के अधिग्रहण का विरोध करने का ऐलान

## किसानों का शोषण नहीं होने देंगे: एसडीएम

किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन आराजनीतिक संगठन ने पुरानी गल्ला मंडी स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में एक सभा कर राज्य सरकार द्वारा सीलिंग की भूमि के अधिग्रहण का विरोध करने का ऐलान किया तथा उप जिला अधिकारी कौस्तुभ मिश्र से भेंट कर जमीन संबंधित कागज दिखाकर विभिन्न बिंदुओं पर वार्ता की। सभा में उपस्थित किसानों ने कहा कि वे लोग पिछले 60 -70 सालों से भूमि पर भूमिधरी अधिकार लिए हुए हैं तथा कृषि कार्य कर रहे हैं ऐसे में सरकार द्वारा सीलिंग के नाम पर किसने की भूमिका अधिग्रहण किया जा रहा है जो कि न्याय संगत नहीं है किसानों ने कहा कि वह न्याय के लिए माननीय न्यायालय की शरण में गए हैं जहां पर माननीय न्यायालय द्वारा अधिग्रहण की गई भूमि पर किसी भी तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप करने पर रोक लगा दी है जब तक सरकार और किसानों के बीच का प्रकरण निष्पादित नहीं हो जाता है तब तक तीसरे पक्ष का समावेश संबंधित भूमि पर नहीं किया जा सकेगा। भारतीय किसान यूनियन आराजनीतिक के संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के तमाम किसानों ने एक सभा की जिसमें किसने की भूमि के विभिन्न मामलों को रखा गया तथा तय किया गया कि जब तक प्रकरण न्यायालय से निष्पादित नहीं होता है तब तक सरकार से



भूमि पर उन्हें कृषि कार्य करने की अनुमति प्रदान की जाए। प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि वे लोग चाचर,वखपुर सहित क्षेत्र में पिछले 70 सालों से कृषि कार्य करते आ रहे है तथा सरकार द्वारा उन्हें भूमि धरी अधिकार दिया गया है किंतु वर्तमान में भूमि को सीलिंग की भूमि बढ़कर सरकार अधिग्रहण कर रही है जो कि न्याय संगत नहीं है उन्होंने कहा कि यदि सरकार इस तरीके से भूमि धरी जमीन को सीलिंग की भूमि में दर्ज कर अधिग्रहण करती है तो यह किसानों के हित में नहीं है इसलिए किसानों को अपनी बात सरकार को बताने के लिए एकजुट होना पड़ेगा तथा सरकार से सीलिंग के नाम पर अधिग्रहण की गई भूमि को वापस किए जाने की मांग की जाएगी । उन्होंने कहा अभी तक माननीय न्यायालय द्वारा प्रकरण में तीसरे पक्ष की उपस्थिति को रोका गया है जो कि किसानों के हित में है। यूनियन के देवेंद्र सिंह के अलावा जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सहित दर्जनों किसानों ने भी संबोधित किया। वहीं मामले में उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने किसानों से कहा है कि माननीय न्यायालय द्वारा सीलिंग भूमि अधिग्रहण के संबंध में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को रोका है किंतु हमको सरकारी भूमि की देखरेख स्वयं करनी है। उप जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि वह फसल अपनी काट सकते हैं तथा यदि कोई अन्य बिंदुओं पर असमंजस की स्थिति है तो वह उनके कार्यालय में आकर प्रत्येक बिंदु पर वार्ता कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को स्पष्ट किया कि सरकार किसी भी किसान का शोषण नहीं देगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से तरसेम सिंह, मिंटू सिंह, सेवा सिंह, गुरु सेवा सिंह, भूपेंद्र सिंह, उधम सिंह, मंगल सिंह, बंटी सिंह, सतनाम सिंह, सजविंदर सिंह, सतपाल सिंह, लखविंदर सिंह, गुरदेव सिंह, बहादुर सिंह, कश्मीर सिंह, नरेंद्र सिंह, कुलविंदर सिंह, शिक्षा सिंह, बलबीर सिंह, गुरनाम सिंह, सुख चैन सिंह, बलकार सिंह, बलविंदर सिंह, नरेंद्र सिंह, जीत सिंह, कश्मीर सिंह सहित सैकड़ो किसान मौजूद थे।




With the blessings of Almighty, we cordially invite you to the

Grand Opening

of

**Gehna: The Heritage Gallery**

(Heritage Heirloom & Global Glamour Collection)

at

**J J Jewellers**

**by Honble Shri Shiv Arora ji**

**(MLA Rudrapur)**

**ON 27TH OCTOBER 2024 AT 10:30 AM**

**at H-15, Main Market, Rudrapur**

From Our Family to Yours:
Late Sdr. Jaspal Singh Bhalla Family
Sdn. Jasvinder Bhalla, S. Jamby Bhalla
S. Binny Bhalla, Mrs. Rupinder Katoch
Ms. Mannu Bhalla




**Contact For Diwali Gifts & Bulk Order of Sweets**

**Shri Bikaner Sweets:** Hotel Mid Town Kashipur Bypass Road,Rudraur, Ph.05944-243685, M. 9927722181
**Bikaner Restaurant (Thali House):** Nainital Road, Near Pal Ford Agencies, Avas Vikas Rudrapur, M.9568213155
**Bikaner That- Bat Restaurant:** Kahipur Roadm Near Green Park Rudrapur, M. 9910202268
**Shri Bikaner Sweets and Restaurant:** Rudrapur Road, Kichha, Udham Singh Nagar
**Shri Bikaner Sweets:** Kemri Chauraha , Rampur Road, Bilaspur


SONY
गुरू मां
BRAVIA
CINEMA IS COMING HOME
DIRECTOR
S.S. Rajamouli
Celebrated Filmmaker
Advanced AI
Powered by XR
SPECIAL FESTIVE OFFERS*
3 YEARS WARRANTY*
INSTANT CASHBACK UPTO RS.25,000/-
1 EMI FREE*
TV + SOUNDBAR COMBO OFFER
SAVE UPTO Rs.64,990/-*
BUY NOW AT Rs.2,995/-*
BRAVIA 9
Our brightest 4K ever
WINNER 2024 TV SHOOTOUT
SPECIAL OFFER*
Rs.7,500/-
Soundbar Combo Offer Save up to Rs.64,990/-
XR Mini LED
IMAX
Available Sizes: • 216cm (85) • 189cm (75)
Range starts from Rs.4,49,990/-
BRAVIA 8
Aesthetic slimness, blends in beautifully
SPECIAL OFFER*
Rs.5,500/-
Soundbar Combo Offer Save up to Rs.52,490/-
XR OLED
IMAX
Google TV
Available Sizes: • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.2,19,990/-
BRAVIA 7
Perfectly balanced, entertains everyone brilliantly
SPECIAL OFFER*
Buy now Rs.2,995/-
BRAVIA Theatre Combo Rs.5,995/-
GET
XR Mini LED
IMAX
Google TV
Available Sizes: • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.1,82,990/-
X90L
Vibrant Contrast. Vivid Colours.
SPECIAL OFFER*
Buy now Rs.2,995/-
Soundbar Combo Offer Save up to Rs.49,990/-
XR LED
Google TV
IMAX
Available Sizes: • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55)
Range starts from Rs.1,24,990/-
BRAVIA 3
Rich Color, Immersive Sound
X1 4K HDR Processor
SPECIAL OFFER*
Buy now Rs.2,995/-
BRAVIA Theatre Combo Rs.3,995/-
Google TV
SONY PICTURES CORE
Available Sizes: • 215cm (85) • 189cm (75) • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50)
Range starts from Rs.83,990/-
BRAVIA 2
Wonderful World of 4K
X1 4K Processor
SPECIAL OFFER*
Buy now Rs.1,849/-
BRAVIA Theatre Combo Rs.2,995/-
Google TV
Available Sizes: • 164cm (65) • 139cm (55) • 126cm (50) • 107cm (43)
Range starts from Rs.45,990/-
Finance offers powered by :
pine labs | paytm
ATTRACTIVE CREDIT CARDS FINANCE OPTIONS*
ICICI Bank
SBI
YES BANK
HDFC BANK
ATTRACTIVE PAPER FINANCE OPTIONS*
HDB
HDFC BANK
TVS CREDIT
गुरू मां
GURU MAA ELECTRONICS
RUDRAPUR Ph.: 9690282777 84108 88888
HALDWANI Tikonia - 9997207007 Pilikothi - 8923468434
KASHIPUR Ramnagar Road Ph. 8791989500
GADARPUR Gurunanak Enterprises Ph.: 9927850999
MORADABAD Kant Road Ph.: 7500839146 Rampur Road, Ph. 9719077772
KICHHA Deepak Electronics Ph.: 7017575920
PITHORAGARH Shiv Enterprises 9760633187
LALKUAN New Radhey Communication 8923493000
HARIDWAR Jawalapur Ph.: 9761699704

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## एयरलाईन सेवाओं की सुरक्षा

पिछले कुछ समय से जिस तरह विमानों को बम से उड़ाने की धमकी के मामले सामने आ रहे हैं, वह अब तक भले ही फर्जी साबित होते रहे हों, मगर अब उससे बहुस्तरीय समस्याएं पैदा होने की आशंका खड़ी हो गई है। हैरानी की बात यह है कि हाल के दिनों में बार-बार ऐसे मामले सामने आने और उससे हवाई सेवा पर असर पड़ने के बावजूद इन्हें रोकने को लेकर कोई ठोस पहल नहीं दिख रही। हर नई धमकी के बाद हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी मच जाती है, सभी स्तरों पर जांच की जाती है, सावधानी बरती जाती है, ऐसा करने के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बातें कही जाती हैं, मगर उन्हें रोकने में कोई खास कामयाबी नहीं मिल पाती। गुरुवार को एक बार फिर सत्तर से ज्यादा विमानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई और उसके बाद भारी तादाद में उड़ानों पर असर पड़ा। इसमें एअर इंडिया, इंडिगो, विस्तारा और अकासा के विमान शामिल हैं। कई विमानन कंपनियों ने यात्रियों को सुरक्षित उतार दिया। उसके बाद विमान की जांच और इस क्रम में उड़ान में देरी से लेकर यात्रियों को होने वाली अन्य परेशानियों का अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि यह स्वाभाविक है कि इस तरह की धमकियों के बार-बार गलत साबित होने के बावजूद अगली धमकी के बाद फिर से समूचे तंत्र को सक्रिय होना पड़ता है और उसमें किसी भी स्तर की लापरवाही नहीं बरती जा सकती। मगर यह समझना मुश्किल है कि फर्जी धमकी देने वाले पिछले कई दिन से ऐसा करने में कैसे कामयाब हो रहे हैं। अव्वल तो डिजिटल दुनिया के इस दौर में जब पुलिस महकमा या जांच इकाइयां पता लगाना चाहें, तो किसी भी धमकी भेजने वाले के ई-मेल और उसके संचालन के बारे में सब कुछ पता लगाया जा सकता है। आज बहुत सारे आपराधिक मामलों में देखा जा सकता है कि आधुनिक तकनीकी और डिजिटल माध्यमों का सहारा लेकर जटिल से जटिल मामलों का पर्दाफाश किया जा रहा है और पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है। मगर विमान को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले पिछले कुछ समय से लगातार यात्रियों को डराने और विमानन कंपनियों को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचाने की अपनी मंशा में कामयाब हो रहे हैं। हालत यह है कि बीते कुछ दिनों के दौरान बार-बार धमकी से उपजी समस्या पर सरकार की ओर से प्रतिक्रिया यह आई कि इसके पीछे जो लोग हैं, उन्हें 'नो-फ्लाई सूची' में डाला जाएगा। सवाल है कि जिन धमकियों का इतना व्यापक असर होता है, उनके लिए क्या इतनी सजा काफी है? यह छिपा नहीं है कि किसी विमान को बम से उड़ाने की फर्जी धमकी आती है, तो उसके बाद उड़ानों के बाधित होने से कितना बड़ा आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। इस नुकसान का खमियाजा भी प्रकारांतर से आखिरकार यात्रियों को ही उठाना पड़ता है। इसके अलावा, विमान से सफर करने वाले यात्रियों के मानस पर इसका गहरा असर पड़ता है। भावी यात्रा को लेकर उनके भीतर डर बैठ जा सकता है और इस तरह जिन विमान सेवाओं को बेहद सुरक्षित माना जाता रहा है, उन्हें लेकर व्यापक पैमाने पर एक असुरक्षाबोध गहरा हो सकता है। सही है कि विमान में बम जैसी धमकी आमतौर पर फर्जी साबित हुई है, मगर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि इस तरह की हरकतों के पीछे आतंकी साजिश भी हो सकती है। इसलिए इस मसले पर हर स्तर पर सावधानी बरतने और ऐसी धमकी भेजने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके ठोस संदेश देने की जरूरत है।

# टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा लेखक गाँव: कोविंद

## राज्यपाल, पूर्व राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री ने किया पहले हिमालयी 'लेखक गाँव' का लोकार्पण

देहरादून (उद संवाददाता)।स्पर्श हिमालय फाउंडेशन के तत्वावधान में थानो, देहरादून में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय साहित्य, संस्कृति एवं कला महोत्सव ''स्पर्श हिमालय महोत्सव-2024'' में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के पहले हिमालयी ''लेखक गाँव'' का लोकार्पण किया। थानो स्थित इस लेखक गांव में लेखक कुटीर, संजीवनी वाटिका, नक्षत्र और नवग्रह वाटिका, पुस्तकालय, कला दीर्घा, योग-ध्यान केंद्र, परिचर्चा केंद्र, गंगा और हिमालय का मनमोहक संग्रहालय बनाया गया है। लेखक गाँव में आकर लेखक एक ही स्थान पर प्रकृति, संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान से साक्षात्कार कर विविध विषयों पर चिंतन के लिए नए दृष्टिकोण प्राप्त कर सकेंगे।तीन दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी, जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी, इस महोत्सव के संयोजक पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल ''निशंक'' सहित देश के विभिन्न प्रदेशों सहित 40 से अधिक देशों के साहित्य, संस्कृति और कला के क्षेत्र की अनेक विभूतियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा ''हिमालय में राम'' पुस्तक का भी विमोचन किया। ''लेखक गाँव'' की इस पहली रचना को डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा लिखा गया है। महोत्सव में राज्यपाल ने कहा कि डॉ. रमेश पोखरियाल ''निशंक'' द्वारा स्थापित ''स्पर्श हिमालय फाउंडेशन'' के तत्वावधान में देश के पहले हिमालयी लेखक गाँव की स्थापना करने का यह अभिनव प्रयास न केवल हमारी संस्कृति और साहित्य को संरक्षित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि उत्तराखण्ड के सृजनशील युवाओं और लेखकों को मंच प्रदान करने का सुनहरा अवसर भी है। राज्यपाल ने कहा कि इस आयोजन और इस पहल के माध्यम से साहित्य, कला, और संस्कृति के क्षेत्र में जो नवाचार देखने को मिलेगा, वह हमारे उत्तराखण्ड की धरोहर को एक नई दिशा देगा। इस ''लेखक गाँव'' की स्थापना हमारी उस परंपरा का जीवंत प्रमाण है, जो हमें साहित्य के माध्यम से हमारी जड़ों से जोड़ती है और हमें आत्म-चिंतन के नए आयाम प्रदान करेगी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि ''निशंक'' द्वारा ''लेखक गाँव''



की परिकल्पना के लिए उनकी सोच, सामर्थ्य और पराक्रम को नमन करता हूँ। उन्होंने कहा कि ''लेखक गाँव'' अपने प्रकार की प्रथम परिकल्पना है। उन्होंने कहा कि यह उत्तराखण्ड के लिए बहुत गौरव की बात है कि यहां ''लेखक गाँव'' का शुभारंभ हुआ है, उत्तराखण्ड ही एक ऐसा प्रदेश है जहां ''लेखक गाँव'' की सार्थकता नजर आएगी। देश का कोई भी प्रदेश ऐसा नहीं है जिसमें ''लेखक गाँव'' के नाम से कोई परिकल्पना साकार हुई हो। इसके लिए उन्होंने सभी उत्तराखण्ड निवासियों को भी इसकी बहुत-बहुत बधाई दी। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि यह ''लेखक गाँव'' भविष्य का टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनकर अवश्य उभरेगा। उन्होंने इस आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड सदियों से रचनात्मकता का अद्भुत केंद्र रही है। यहां के पहाड़ों की विशालता, गंगा की पवित्रता और अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्य ने लेखकों, कवियों और विचारकों को प्रेरणा प्रदान करने का काम किया है। ऐसे प्रदेश में ''लेखक गांव'' का बनना अपने आप में एक महान कार्य है, इसके लिए उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल ''निशंक'' को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक लेखक के लिए ऐसा वातावरण आवश्यक है, जो शांति, सौंदर्य और विचारों के स्वतंत्र प्रवाह से समृद्ध हो। यह तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव हमारे राज्य के साहित्यकारों को एक मंच प्रदान करेगा। जहाँ वे विश्व भर से आए साहित्यकारों और कलाकारों के साथ मिलकर अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी समाज का साहित्य ही उसका वास्तविक दर्पण होता है, जो उसकी संस्कृति, मूल्यों और विचारों को उजागर करता है। राज्य सरकार साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। हमने राज्य में 'उत्तराखण्ड साहित्य गौरव सम्मान' के माध्यम से उत्कृष्ट साहित्यकारों को सम्मानित करने का कार्य प्रारंभ किया है। राज्य में विभिन्न भाषाओं में ग्रंथ प्रकाशन के लिए 'वित्तीय सहायता योजना' के तहत साहित्यकारों को अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है। उत्कृष्ट साहित्यकारों को 'साहित्य भूषण' और 'लाइफ टाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 05-05 लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान करने की घोषणा की है। भारतीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने कहा कि आज एआई ने हमारे प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि जो भी अविद्या है, जो भी मानव मस्तिष्क की उपज है जैसे कविता, साहित्य आदि वह एआई कर पाएगा और वह इससे सभंव है। लेकिन चिंतन, मनन और स्वयं की खोज, जिसे ब्रह्म ज्ञान कहते हैं इसे स्वयं के साथ साक्षात्कार कहते हैं वह एआई नहीं कर पाएगा। यह विद्या रूपी ज्ञान से संभव हो पाएगा। स्वामी अवधेशानंद गिरी ने कहा की यह एक अलग प्रकार का आयोजन है जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की। यहां लेखकों, विचारकों को अपनी कृतियों को लिखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारे जीवन का अभिन्न अंग बनें, उनसे दूर न रहें यहां से हम सभी को यह संकल्प लेना होगा। उन्होंने इस कार्य के लिए डॉ निशंक को बधाई दी। इस महोत्सव के सूत्रधार डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने सभी लोगों का स्वागत किया और ''लेखक गाँव'' और इस महोत्सव की परिकल्पना के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न प्रदेशों सहित 40 से अधिक देशों के लोग प्रत्यक्ष और 70 से अधिक देशों के लोग अप्रत्यक्ष रूप से साहित्य, संस्कृति और कला के क्षेत्र में अपने विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। इस महोत्सव में सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक बृजभूषण गैरोला, विधायक आदेश चौहान सहित देश एवं विदेशों से आए लेखक, चिंतक और समाजसेवी मौजूद रहे।

# छात्रसंघ चुनाव नहीं कराना सरकार का षडयंत्र: हरदा

## उत्तराखंडी व्यंजनों की दावत में पूर्व सीएम हरीश रावत ने लगाया सियासी छौंका: उत्तरकाशी मस्जिद विवाद सहित वायनाड और केदारनाथ उपचुनाव पर सुनाई खरी खोटी,देहरादून की सड़कें भी गड्ढों में हुई तब्दील

देहरादून( उद संवाददाता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने दिवाली के मौके पर मीडिया कर्मियों के लिए आयोजित भोज में उत्तराखंडी पकवानों से सियासी छौंका भी लगाया। पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि अपने देहरादून स्थित आवास पर दीवाली के उल्लास और उमंग में हल्का सा उत्तराखंडियत का छौंका लगाने के लिए मैंने, पत्रकार मित्रों को पहाड़ी नमक के साथ अमरूद, गुड़, घी-बुरा चावल, पहाड़ी ककड़ी का रायता, दाल-चावल, भटवाणी व थिचवानी खिलाई और सभी पत्रकार साथियों को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। शुक्रवार को डिफेंस कालोनी स्थित आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में हरीश रावत ने छात्र संघ चुनाव, उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण व सड़कों के गड्ढों को लेकर भाजपा सरकार पर पलटवार किया। पूर्व मुख्यमंत्री हरदा ने प्रेस वार्ता में कई मुद्दों पर अपने विचार भी साझा किये। इतना ही नहीं पूर्व सीएम हरदा ने सीएम पुष्कर सिंह धामी के आदेशों को लेकर भी सवाल खड़े करते हुए उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की सुध नहीं लेने का अरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह कई क्षेत्रों में भ्रमण कर चुके है जहां सड़के बदहाल हो चुकी है। पूर्व सीएम ने कहा कि लोग उन्हें अपने क्षेत्रों की दशा दिखाने के लिए बुला रहे हैं। अब तो वह इन दिनों मैं गड्ढा इंस्पेक्टर हो गये है। स्मार्ट सिटी देहरादून से ही गड्ढों में तब्दील सड़कों को देखने के लिए 22 से अधिक निमंत्रण मिले हैं। जब स्मार्ट सिटी की सड़कों का ये हाल है तो प्रदेश में क्या स्थिति होगी। पूर्व सीएम ने कहा प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव न कराकर भाजपा सरकार ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को खत्म करने का काम किया। जब सरकार ने चुनाव की तिथि का ऐलान किया तो विवि व कॉलेजों में चुनाव कराना किसकी जिम्मेदारी है। एक भी विवि व कॉलेजों ने चुनाव नहीं कराए। जो एक तरह का षड्यंत्र है। सरकार यदि छात्रसंघ चुनाव कराना चाहती थी तो तिथि आगे बढ़ाई जा सकती थी। हरीश रावत ने कहा उनकी सरकार ने उपनल और अतिथि शिक्षकों को सात और 10 साल की सेवा के बाद नियमितीकरण का निर्णय लिया था। इसे दिल्ली और हरियाणा की सरकार ने अपनाया, लेकिन भाजपा सरकार कर्मियों का शोषण कर रही है। इन कर्मचारियों के समर्थन में हरीश रावत ने एक घंटे का मौन उपवास कर विरोध जताया। उत्तरकाशी मस्जिद विवाद आजकल उत्तराखंड में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में अभी तक 208 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। अब हरीश रावत ने उत्तरकाशी मस्जिद विवाद को लेकर बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाये हैं। साथ ही उन्होंने केदारनाथ और वायनाड उप चुनाव को लेकर भी अपनी बात रखी है। पहाड़ी व्यंजनों पर बातचीत करने के साथ-साथ उन्होंने सत्ताधारी दल भाजपा को भी खूब खरी खोटी सुनाई। हरीश रावत ने कहा केदारनाथ में सोना विवाद भी बीजेपी की हार का कारण बनेगा। इसके साथ ही दिल्ली केदार मंदिर मामला, पुरोहितों का विरोध, चारधाम यात्रा जैसे मुद्दों पर भी कांग्रेस केदारनाथ में बीजेपी को घेरेगी केदारनाथ में प्रचार प्रसार और अपने स्वास्थ्य को लेकर हरीश रावत ने कहा मैं 18 साल के युवा की तरह ही आपको केदारनाथ में प्रचार करता दिखाई दूंगा। उन्होंने कहा मेरी ताकत और उम्र किसी भी तरह से मुझे नहीं रोक पाए। उत्तरकाशी मस्जिद विवाद पर हरीश रावत ने सरकार पर सवाल खड़े किये हैं। हरीश रावत ने कहा जिस तरह से उत्तरकाशी में बवाल हो रहा है उससे यह साफ है कि इसके पीछे कोई और नहीं बल्कि बीजेपी के लोग ही हैं। यह हर किसी को दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा उत्तरकाशी में कानून और संविधान की अवहेलना हो रही है। पूरा देश इस वक्त उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को आशा भरी निगाह से देख रहा है। वायनाड में नामांकन के बाद संपत्ति को लेकर चर्चा में आई प्रियंका गांधी पर हरीश रावत ने कहा 10 साल से देश में बीजेपी की सरकार है, लेकिन आज तक किसी भी विभाग ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की। हरीश रावत ने कहा वायनाड उपचुनाव ऐतिहासिक होने जा रहा है। उन्होंने कहा जिस तरह से भगवान राम के साथ लक्ष्मण मजबूती से खड़े थे वैसे ही राहुल गांधी अपनी बहन के साथ खड़े हैं।







# निकायों के ओबीसी आरक्षण की नियमावली तैयार

देहरादून। प्रदेश के नगर निकायों में ओबीसी आरक्षण लागू करने के लिए नियमावली तैयार हो गई है। नियमावली को अनुमोदन के लिए मुख्यमंत्री के पास भेजा गया है। इस पर मुहर लगने के बाद निकायों में ओबीसी आरक्षण की तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी। 10 नवंबर के आसपास ही निकायों के चुनाव की अधिसूचना जारी होनी है। एकल सदस्यीय समर्पित आयोग ने नगर निकायों के ओबीसी आरक्षण की रिपोर्ट पिछले दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपी थी। इसकी एक अनुपूरक रिपोर्ट भी आयोग सौंप चुका है। सरकार ने यह रिपोर्ट स्वीकार कर ली है। रिपोर्ट को निकायों में लागू करने के लिए इसकी नियमावली तैयार की गई है। नियमावली में ही निकायों में ओबीसी सीटों का फार्मूला भी शामिल है। सीएम से अनुमोदन मिलने के बाद यह नियमावली लागू हो जाएगी। नियमावली आने के बाद ये साफ हो जाएगा कि इस बार कौन-कौन से नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतों में ओबीसी के कौन से पद होंगे। जनरल, एससी, एसटी के कौन से पद होंगे। अभी कई जगहों पर कयासबाजी का दौर चल रहा है। शहरी विकास विभाग के अफसरों का कहना है कि जो फार्मूला तैयार किया गया है, उसी हिसाब से ही पद निर्धारित होंगे। देहरादून नगर निगम समेत कई निगमों के मेयर की कुर्सी को लेकर भी नियमावली आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। नगर निकाय चुनावों की अधिसूचना प्रदेश में 10 नवंबर के आसपास जारी होगी। इससे पहले अगले एक सप्ताह के भीतर ओबीसी आरक्षण की प्रक्रिया जिलाधिकारियों के स्तर से शुरू होने जा रही है। राज्य निर्वाचन आयोग भी तैयारी में जुट गया है।

# तीन जुए के अड्डो में लाखों रूपए समेत, 23 जुआरी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसओजी एवं पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से जुआरियों के खिलाफ अभियान चलाकर तीन जुए के अड्डों पर औचक दबिश देकर ताश पत्तों तथा 3 लाख 30 हजार 490 रूपये की नगदी के साथ कुल 23 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसओजी व वनभूलपुरा पुलिस की टीम ने जुए के अड्डे पर छापेमारी कर 7 जुआरियों को 2,18,350 रुपए व ताश पत्तों के साथ गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी एवं एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़ की संयुक्त टीम द्वारा चौकिंग के दौरान लोकेश जैन के घर टनकपुर रोड होली तिराहा के पास जुआ खेलते 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता भुवन जोशी पुत्र स्व. भास्कर जोशी निवासी कुसुम खेड़ा हनुमान मंदिर उत्तरांचल विहार थाना मुखानी, लोकेश जैन पुत्र आरके जैन निवासी टनकपुर रोड जवाहर नगर, जुनैद पुत्र याकूब निवासी लाइन नंबर 7, बनभूलपुरा, फिरोज पुत्र गफ्फार अहमद निवासी गौजाजाली, इंतजार हुसैन पुत्र नबी हुसैन निवासी लाइन नंबर 8 थाना बनभूलपुरा, नरेंद्र बिष्ट पुत्र स्व. आनंद सिंह बिष्ट रेलवे स्टेशन क्वार्टर काठगोदाम स्थाई निवासी ग्राम लोडली पोस्ट बेड़ी खाल जिला पौड़ी तथा मंजे सिंह पुत्र अनिल कुमार सिंह निवासी मल्ला गोरखपुर बताया। तलाशी के दौरान मौके से 2,18,350 रूपये नगद व 52 ताश के पत्ते बरामद हुए। पुलिस टीम में उप निरीक्षक नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, उनि. संजीत राठौर एसओजी प्रभारी,उप नि. अनिल कुमार, का. भूपेंद्र ज्येषठा, दिलशाद अहमद, सुनील, ललित कुमार व संतोष शामिल थे। वहीं एसओजी व मुखानी



थाना की संयुक्त टीम ने रात्रि चौकिंग के दौरान भट्ट इलेक्ट्रिकल्स व गारमेंट्स की दुकान की दूसरी मंजिल में 9 व्यक्तियों को हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते गिरफ्तार कर लिया। मौके से 1,020,00 रूपए नगद व 52 ताश के पत्ते भी बरामद किए गए। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम पता डीगर सिंह पुत्र स्व. कर्म सिंह निवासी गोविंदपुर गढ़वाल, गोपाल तिवारी पुत्र लीलाधर तिवारी निवासी शिवम पुरम हिम्मतपुर, मुखानी, योगेश जोशी पुत्र नंद बल्लभ जोशी निवासी कमलवागांजा, श्रीकांत यादव पुत्र रामचंद यादव निवासी सिद्ध कॉलोनी आरटीओ रोड, थाना मुखानी, हीरा सिंह पुत्र नैन सिंह निवासी दयाल विहार, भूपेंद्र सिंह पुत्र कठे लाल निवासी गोलू देवता कॉलोनी हिम्मतपुर तल्ला मुखानी, राजेंद्र सिंह पुत्र खेम सिंह निवासी जयदेवपुर, कल्याण सिंह पुत्र भीम सिंह निवासी वैष्णो कॉलोनी गोविंदपुर गढ़वाल मुखानी तथा संजय सिंह मेहरा पुत्र बलवंत सिंह मेहरा निवासी हिम्मतपुर तल्ला मुखानी बताया। पुलिस टीम में उनि मनोज अधिकारी, उनि संजीत राठौर प्रभारी एसओजी, हेका ललित ललित कुमार, का. संतोष बिष्ट, सुनील आगरी, रविंद्र खाती, रियाज अहमद व चंदन नेगी शामिल थे। जबकि थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा चौकिंग के दौरान 7 व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 52 तास के पत्ते व नगदी 10140 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया।जिनमें संजय कश्यप पुत्र राम चन्द्र कश्यप निवासी दुर्गा कालोनी धान मिल, विपुल गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता निवासी इन्द्रानगर, भारत पुत्र राम दास निवासी मंगल पडाव, शुभम पुत्र बलवीर सिह निवासी रामपुर रोड, विनोद पुत्र छोटे लाल निवासी गाँधी नगर, रोहित पुत्र पप्पू राजपूत निवासी मगल पडाव मछली बाजार पाण्डे गार्डन, तथा निक्की पुत्र आनन्द प्रकाश निवासी गांधी नगर शामिल हैं। पुलिस टीम में उप नि. निधी शर्मा, का. हरीश रावत, विनोद नाथ, सुनील कुमार, दिलशाद अहमद, महबूब अली शामिल रहे।

# विधायक पांडेय ने तहसील गदरपुर में किया बार भवन का उद्घाटन

गदरपुर(उद संवाददाता)। तहसील परिसर में बने बार भवन का उदघाटन क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय, उपजिलाधिकारी आशिमा गोयल एवं जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष में अधिवक्ताओं की बहुत बड़ी मांग को क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय ने पूरा करते हुए विधायक निधि से बार भवन का निर्माण कराया है वह सभी अधि वक्ताओं की और से क्षेत्रीय विधायक न्याय दिलाने ओर आम आदमी की ताकत बनने की बात कही उन्होंने अधि वक्ताओं से गदरपुर तहसील में आये हुए न्याय पालिका के मुद्दों के जल्द निस्तारण का आवाहन करते हुए सभी अरविंद पांडेय को स्मृति चिन्ह देकर आभार प्रकट किया। इस दौरान गदरपुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष मदन लाल अरोरा,गौरव भंडारी,गजेंद्र सिंह बिष्ट, गुरजीत सिंह ,सुखविंदर सिंह,सुरेन्द्र ढैया,



एडवोकेट दिवाकर पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट विष्णु कुमार मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. दिवाकर पांडेय ने कहा गदरपुर तहसील का धन्यवाद करते है।वही क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय ने उपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुए कहा अधिवक्ता न्याय पालिका की प्रथम सीढ़ी है जहां से आम जनमानस को न्याय की उम्मीद होती है उन्होंने सभी अधिवक्ताओं को को नव नवनिर्मािणत भवन की बधाई दी। उप जिलाधिकारी आशिमा गोयल ने सभी सम्मानित अतिथियो का कार्यक्रम में पहुचने का आभार प्रकट किया। उपस्थित अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे विधायक सुभाष चंद,धर्मेन्द्र डंग,राधेश्याम शुक्ला,उमेश पांडेय, लवली हुड़िया, राजीव पपनेजा,संजय चौधरी, राकेश भुड्डी, संतोष गुप्ता, रविन्द्र प्रधान, चन्दर खेड़ा, बब्बू विनायक,संतोष श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डॉल्फिन कंपनी के कर्मचारियों की मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। आम आदमी समक्ष मांगों के सम्बंध में 24 अक्टूबर को पत्र जारी किया गया किंतु कंपनी के प्रबंधकों ने द्वारा कंपनी के श्रमिकों को लेने से स्पष्ट कर दिया गया। पुन: एसडीएम व उप श्रमायुक्त को जानकारी दी तो 25 अक्टूबर को पुन:एसडीएम के



पार्टी के महानगर अध्यक्ष सतपाल ठुकराल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि डाल्फिन कंपनी के श्रमिकों की मांगों को लेकर 24 अक्टूबर को प्रबंधन के साथ वार्ता हुई थी। उपजिलाधिकारी एवं उप श्रमायुक्त के यहां बैठक हुयी लेकिन कंपनी प्रबंधकों द्वारा उपजिलाधिकारी एवं उप श्रमायुक्त के निर्देशों को नहीं माना गया और कंपनी के श्रमिकों को प्रवेश देने से मना कर दिया। आप कार्यकर्ताओं ने श्रमिकों की मांगों को पूरा करने की मांग की। इस दौरान राजू,बंटी, हरीश कुमार, सुनीता, महेश,पूरन लाल आदि शामिल थे।

# देश मे पंचायत कानून लागू करने को पीएम से मिलेगा शिष्टमंडल: नागर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पंचायत धाम मयूर विहार दिल्ली मे अखिल भारतीय पंचायत परिषद की राष्ट्रीय कार्यसमिति का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता सुबोध कांत सहाय पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पंचायत परिषद ने की तथा संचालन राष्ट्रीय महासचिव मुख्य अनिल शर्मा ने किया। राष्ट्रीय महासचिव महेन्द्र नागर ने बताया आगामी 14-15 दिसंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कार्यारिणी का चुनाव होना है। 20 दिसंबर को पंचायत परिषद का एक शिष्टमंडल देश मे पंचायती राज कानून पुन लागू करने सहित विभिन्न मांगो को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेगा। इस मौके पर अखिल भारतीय पंचायत परिषद के अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि अखिल भारतीय पंचायत परिषद गैर दलिय थी, गैर दलीय है और गैर दलीय रहेगी। लोकतंत्र में सभी प्रकार के मतों का सम्मान होना चाहिए। ऐसा प्लेटफार्म मात्र अखिल भारतीय पंचायत परिषद प्रदान करता है।



हमारे सभी राज्यों के अध्यक्षों और संयोजकों के नेतृत्व में सभी राज्यों से पंचायती सुधार हेतु सुझावों को इक्कठा किया जाएगा और इन सुझावों के साथ हमारा प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री से मिलेगा। हम सृजनात्मक पहल से पक्ष और विपक्ष सभी के मतों का डॉक्यूमेंट तैयार करके पंचायती राज मंत्रालयों को भेजेंगे और पंचायती सुधार का अनुरोध किया जाएगा।बैठक मे मुख्य रूप से अखिल भारतीय पंचायत परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अशोक चौहान, महासचिव अनिल शर्मा, पूर्व सांसद विष्णु सिन्हा, पूर्व सांसद डीपी रॉय, पंचायत संदेश सम्पादक बद्रीनाथ, राज्यमंत्री दिनेश यादव, ध्यानपाल सिंह, जयपाल सिसोदिया, उतराखंड प्रभारी राजबीर सिंह राठी, उतराखंड प्रदेश अध्यक्ष पंकज जोशी, अनिल बिष्ट, गोवा के अध्यक्ष फ्रांसिस फर्डनानीश, तेंगलाना हैदराबाद अध्यक्ष जलील अहमद, गुजरात अध्यक्ष जयंती नानजी भाई,दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष धीरज कवर, धीरज सहगल, मध्य प्रदेश से बहादुर सिंह तोमर, देव तिवारी सहित हिमाचल, हरियाणा,समेत अखिल भारतीय पंचायत परिषद के देश भर के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस मौके पर कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ अशोक चौहान ने कहा कि सरकारों से समय समय पर मांग और जनता के बीच जागरुकता अभियान के तहत ही सुधार की प्रक्रिया का हिस्सा बनकर पंचायत परिषद हमेशा से पंचायती राज को मजबूत करता है और आगे भी करता रहेगा ।

# चिकित्सा कैम्प 28 अक्टूबर को रूद्रपुर में

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव सरना ने 28 अक्टूबर को डाईस सेंटर रूद्रपुर में आयोजित होने वाले कैंप में अधिक से अधिक लाभार्थियों से पहुंचने का आहवान किया है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र गदरपुर के टीम प्रभारी डॉ विकास सचान ने बताया कि कैंप में जन्म से 18 आयु वर्ष तक के बच्चों जिनको ह्रदय से संबंधित कोई परेशानी



हो या नाक कान गला रोग से संबंधित किसी प्रकार की समस्या हो अथवा किसी प्रकार मानसिक रूप से अस्वस्थ हो, ऐसे बच्चों के लिया विशेष समर्पित चिकित्सा शिविरका आयोजन किया जा रहा है जिसमें सर्वोदय हॉस्पिटल फरीदाबाद की कार्डियोलोजी विभाग की टीम एवं मेडिकल कॉलेज रुद्रपुरकी टीम एवं जिला अस्पताल रुद्रपुर के मनोचिकित्सक द्वारा निशुल्क परामर्श एवं उपचार किया जाएगा। अत: समस्त क्षेत्रवासियों से अनुरोध है कि इस चिकित्सा शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।

## पेज एक का शेष...

**जमीनों के मामले में ..**सरकार ने जमीनों के मामले में पाप किया है तो धामी सरकार ने महापाप किया है। कहा कि त्रिवेंद्र रावत ने ये नियम जोड़ा था कि जमीन का प्रयोग नहीं किया जाएगा तो वह जमीन सरकार में निहित होगी। धामी सरकार ने 2022 में ये नियम हटा दिया। सदन में उस समय ये विधेयक लाए गए हैं, जब विपक्ष ने बहिष्कार किया। वही नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड के जल, जंगल, जमीन पर उत्तराखंड के जन मानस का अधिकार होना चाहिए। ये जमीनों का बड़ा घोटाला है। लैंड यूज बदल दिए गए। जनमानस का सरकार से भरोसा उठ गया है। सरकार इस ममले पर अपना रुख स्पष्ट करे।

**भूखण्ड बेचने...**06 मार्च 2024 को रजिस्ट्री करवा दूँगा। उसी दिन शाम को 1 करोड़ रूपये कैश बातचीत के बाद पवनिन्दर सिंह वासन को दिये। 02.03.2024 को करनाल गये जहाँ 95 लाख रूपये पवनिन्दर सिंह वासन के घर जाकर उसको दिये। 03.03.2024 को तजिन्दर सिंह बाजवा ने बिट्टू छाबड़ा को फोन करके 12 लाख रूपये देने को कहा और कहा कि बाकी पक्के की रकम रजिस्ट्री के दिन आप चैक या ड्राफ्ट के रूप में देना तो बिट्टू छाबड़ा ने बचे 12 लाख रूपये कैश लेकर बराड़ कालौनी रूद्रपुर जाकर तजिंदर सिंह बाजवा को दिये। 09.03.2024 को रूद्रपुर में तजिंदर सिंह बाजवा ने 6 करोड़ 7 लाख रूपये प्राप्त करके रसीद दी । जानकारी ली तो पता चला कि उक्त जमीन तजिंदर सिंह बाजवा ने अपने रिश्तेदारों के नाम पर कुल 14 रजिस्ट्रीयों एक ही दिन दिनांक 30.03.2024 को करवा दी है। अपने पैसों के लिए कई बार पवनिन्दर सिंह वासन एवं तजिंदर सिंह बाजवा से सम्पर्क करते रहे और वे टालामटोली करते रहे। तजिंदर सिंह बाजवा कहने लगा कि उसके सम्बन्ध कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादियों से हैं वहीं से सारे परिवार का मर्डर करवा देगें। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मसूरी के होटल लीज...**की मृत्यु के बाद शिल्पी अग्रवाल होटल नहीं चला पा रही थी। आप है कि इस दौरान अतुल भसीन उनके प्रतिनिधि ने पहला फैसला कर समझौता नमक तैयार किया। जिसे 23 मार्च 2022 को निष्पादित किया गया। इस समझौते में अतुल भसीन, गिरीश बत्रा, गीतिका बत्रा, गीता भसीन, सोनाली भसीन कुमार, तारिका बत्रा, पीएस नायक ने मिलकर एक नवंबर 2017 को पट्टा विलेख में उसके पति की तरफ से जमा 50 लख रुपए की सुरक्षा राशि के बदले कंपनी में 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी का झांसा दिया। इसके बाद 23 मार्च 2022 को पट्टा निरस्त कर दिया गया। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने समझौते का अनुपालन नहीं किया। आरोपियों ने उसके लीज विलेख में जमा कराई गई 50 लाख की रकम, होटल नवीनीकरण में लगाई गई धनराशि हड़प ली। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कार्रवाई की मांग को लेकर...**उस व्यक्ति का लड़का वो छोटे हाथी लेकर उसकी दुकान का सामान भरकर ले गया। साथ ही उसकी पत्नी को एक गाड़ी में बैठाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ अश्लीलता की। आरोप है पत्नी का मंगलसूत्र, कान के सोने के कुन्डल, सोने की अंगूठी भी निकाल ली और धमकी देकर दुकान से भगा दिया। उसकी मोटर साईकिल भी छीन ली है।

**एनएसयूआई ने सरकार..**समस्याओं के समाधान करने को लेकर प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है लेकिन सरकार अब छात्र हितो को ही कुचलकर छात्रों का शोषण कर रही है जिसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि दीपावली के बाद सरकार ने छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित नहीं की तो पूरे उत्तराखंड में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**खराब बीज देने ..**तजेन्दर सिंह विर्क, जगदीश सिंह, कुंवरपाल सिंह, बल्ली सिंह चीमा, जोगेन्दर सिंह, बहादुर सिंह, रमेश कुमार, कुलवंत सिंह, दीप सिंह, गुरदीप सिंह, करनैल सिंह, जगपाल सिंह, बरीत सिंह, गुरविन्दर सिंह, मनजीत सिंह, कृष्ण लाल, हरभजन सिंह आदि मौजूद थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-245817

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


ईशा ट्रेडर्स
महासेल Upto 50%
हमारे यहाँ दिल्ली से कम रेटो पर वॉलपेपर उपलब्ध है।
पी.वी.सी. पेनल, वालपेपर, डब्लू.पी.सी. लूवर्स पी.यू. मार्बल शीट, यू.वी. शीट
व सभी प्रकार के इंटीरयर एवं एक्सटीरयर मटेरियल इत्यादि
Since 2004
दीपावली के शुभ अवसर पर भारी छूट
आर्टिफिशयल घास
पी.यू. मार्बल शीट
वालपेपर
यू. वी. शीट
सम्पर्क सूत्रः- 98971-57000, 82720-57000, 63956-24270
पताः- एस. आर. ए. ई-काशीपुर बाईपास रोड, पुलिस चौकी के सामने, निकट सिटी क्लब, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) 263153 (यू.के.)


Haier
World's No.1
Brand in Major Appliances
गुरू माँ
This Diwali
CELEBRATE
BIG MOMENTS
SMART SENSE AI
SIDE BY SIDE REFRIGERATOR
Smart WIFI Connectivity
Smart Food Management
Smart Convertible 3Door
Deo fresh Technology
Jumbo Ice-Maker
Range available from 531 L to 712 L
DISCOVER THE FUTURE OF LAUNDRY WITH AI DBT
Enhanced Washing Quality
Vibration Free Performance
Removes Up To 72 Hour Old Stains
5 YEAR Complete Warranty*
30 Days Days Money Back Guarantee*
Range available from 6 KG to 12 KG
AI DBT
INBUILT HEATER
OLED | QD MINI | QLED
POWERED BY Google TV
Range available from 81 cm to 2.48 m
EXCITING OFFERS
UP TO 22.5% INSTANT CASHBACK*
1 EMI OFF*
EXTENDED WARRANTY
PAY ₹1 TAKE HAIER HOME*
FIXED EMI STARTING ₹994#
DBS
pine labs
GURU MAA ELECTRONICS
RUDRAPUR Ph.: 9690282777 84108 88888
HALDWANI Tikonia - 9997207007 Pilikothi - 8923468434
KASHIPUR Ramnagar Road Ph. 8791989500
GADARPUR Gurunanak Enterprises Ph.: 9927850999
MORADABAD Kant Road Ph.: 7500839146 Rampur Road, Ph. 9719077772
KICHHA Deepak Electronics Ph.: 7017575920
PITHORAGARH Shiv Enterprises 9760633187
LALKUAN New Radhey Communication 8923493000
HARIDWAR Jawalapur Ph.: 9761699704